# डबल एनकाउंटर: मथुरा पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो बदमाश ढेर

■ 30 लाख की डकैती में शामिल थे दोनों बदमाश ■ कुख्यात बाबरिया गिरोह के सदस्य हैं मारे गये दोनों बदमाश






मथुरा। जिला चिकित्सालय पर मौजूद एसएसपी श्लोक कुमार, जहां घायल दोनों बदमाशों को उपचार के लिए लाया गया था।

**मथुरा - जनता यूनियन ।** गुरुवार की सुबह मथुरा पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो बदमाश ठेर हो गये। दोनों बदमाश 23 अप्रैल की रात को टैंटीगांव में कारोबारी के यहां पडी 30 लाख रुपये की डकैती में शामिल थे। डकैती की घटना के बाद स्थानीय विधायक राजेश चौधरी, डीआईजी शैलेश पांडेय, एसएसपी श्लोक कुमार ने भी घटना स्थल का मुआयना किया था। एसएसपी ने बताया कि व्यापारी के घर वारदात देने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई थी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दोनों घायल हुए। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। दोनों का लंबा आपराधिक इतिहास है। इस कार्रवाई के दौरान दो सिपाही भी घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश सीसीटीवी कैमरे तोड गये थे और डीवीआर को निकाल ले गये थे। घटना के खुलासे के लिए एसएसपी श्लोक कुमार ने बदमाशों की तलाश में पुलिस की 17 टीमें का गठन किया था। पुलिस टीम लगातार बदमाशों की टोह लेने में लगी हुई थीं। गुरुवार की सुबह पुलिस टीम के साथ बमदाशों की मुठभेड़ सुरीर क्षेत्र में ही हुई, इसी क्षेत्र में बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया था। मुठभेड़ में मारे गये दोनों बदमाशों का संबंध कुख्यात बावरिया गैंग से बताया जा रहा है। पुलिस की गोली लगने से घायल हुए दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में स्वाट टीम प्रभारी अजय वर्मा और स्वाट टीम का एक सिपाही भी घायल हुआ है। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, मारे गए दोनों बदमाशों का आपराधिक इतिहास काफी लंबा और गंभीर रहा है। धर्मवीर उर्फ लंबू, जो राजस्थान के भरतपुर का निवासी था, पर राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई थानों में करीब 16 मामले दर्ज थे, जिनमें कई में वह वांछित चल रहा था। राजेंद्र उर्फ पप्पू, जो अलवर का रहने वाला था, उसके खिलाफ राजस्थान और उत्तर प्रदेश के थानों में डकैती, लूट और आर्म्स एक्ट के तहत करीब 11 मामले दर्ज थे।

# उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने की एनईपी परीक्षाओं एवं नए शैक्षिक सत्र की समीक्षा



मथुरा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत बैठक लेती हुई।

**मथुरा - जनता यूनियन ।** टीएफसी वृंदावन के कॉन्फ्रेंस हॉल में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत आयोजित परीक्षाओं एवं आगामी उच्च शिक्षा सत्र 2026-27 को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रोफेसरों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान माननीय मंत्री द्वारा नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी महाविद्यालयों को पूर्ण सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। इसके साथ ही मंत्री ने महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं पर विशेष बल दिया। उन्होंने नारी वंदन अभियान के अंतर्गत छात्राओं से जुड़े प्रमुख विषयों पर चर्चा करते हुए प्रत्येक उच्च शिक्षा परिसर में स्वच्छ शौचालय, सुव्यवस्थित कॉमन रूम तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग को अनिवार्य बताया। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. ललित मोहन शर्मा (प्राचार्य, बीएसए कॉलेज), डॉ. विनय चौधरी (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय वृंदावन), डॉ. गोविंद चावला, डॉ. सुरेश चौधरी, डॉ. एस.के. राय, डॉ रवीश शर्मा, डॉ. वीपी राय, डॉ. बीके गोस्वामी, फतेह कृष्ण, डॉ. यू.के. त्रिपाठी, शाहरुख उस्मानी एवं अमित कुमार सहित विभिन्न शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सोशल मीडिया को लेकर महिलाओं को किया जागरूक

**मथुरा - जनता यूनियन ।** मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण में 30 दिवसीय महिला सशक्तिकरण और जागरूकता अभियान के क्रम में थाना कोतवाली से भरतपुर गेट के आसपास क्षेत्र में मिशन शक्ति व उनके अधिकारों व महिला संबंधी अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया व छोटी छोटी बच्चियों को गुड टच बेड टच के बारे में बताया गया। महिलाओं को बताया गया कि बस, रास्तों, सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेड़खानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफआईआर के लिए जागरूक किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरूक करने के लिए संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातलीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### 09 मई को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**मथुरा - जनता यूनियन ।** माननीय मुख्य न्यायाधिपति, सर्वोच्च न्यायालय / मुख्य संरक्षक, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति, सर्वोच्च न्यायालय / माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भारत वर्ष में माननीय उच्चतम न्यायालय से तहसील स्तर तक दिनांक 09 मई 2026 दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 09.05.2026 दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, मथुरा में भी किया जाएगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के वादों (आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बंधित विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बंधित विवाद, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, अन्य सिविल वाद, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, अन्य वाद) का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अपने-अपने न्यायालयों में किया जाना है।

### गोकुल में परशुराम शोभायात्रा 10 मई को

**मथुरा - जनता यूनियन ।** गोकुल ब्राह्मण तीर्थ पुरोहित समिति के तत्वावधान में 10 मई को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेंगी । तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत 8 मई को नवीन मन्दिर में परशुराम जी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा प्रारम्भ होगी । 9 मई को अखण्ड रामायण पाठ, 10 मई को प्रातः हवन, यज्ञ एवं सायं 4 बजे से ब्रजमण्डल से पधारे वरिष्ठ विप्रो का सम्मान, संगोष्ठी तथा सायं 6 बजे से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जायेंगी । समिति ने विप्र बन्धुओं से शोभायात्रा सहित विभिन्न आयोजन में भाग लेने का अनुरोध किया है ।'

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य ने गांवों में चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

## ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये



मथुरा। सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सत्येन्द्र कुमार बारी का कलेक्ट्रेट पर स्वागत करते लोग ।

**मथुरा - जनता यूनियन ।** सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सत्येन्द्र कुमार बारी (बीनू) ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की। आयोग के सदस्य ने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित किया जा रहा है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को जागरूक करना है सरकार की प्राथमिकता है। माननीय जी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजनाएं जैसे- प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाएं गरीब, किसान, महिला एवं वंचित वर्ग के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा ऑन द स्पॉट पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। श्री बारी ने मीडिया के माध्यम से जनसामान्य से अपील की गई है कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए नजदीकी कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है कि किसी भी नागरिक को यह महसूस न हो कि उसकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निरंतर रूप से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल के माध्यम से आम जनमानस की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। चौपालों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी जा रही है और उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रेस वार्ता के उपरांत माननीय सदस्य जी ने ग्रामसभा आशापुरी महोली रोड थाना कृष्णा नगर तथा ग्रामसभा रामपुर थाना मगोर्रा में जन चौपाल ली तथा ग्राम वासियों की समस्याओं का समाधान किया।

# बरसाना में राधारानी के दर्शन के दौरान रेलिंग में दौड़ा करंट, भक्तों में मची अफरा तफरी



मथुरा। राधारानी मंदिर पर रेलिंग में करंट आने के कारण श्रद्धालुओं को रेलिंग से हटकर दर्शन कराते सुरक्षाकर्मी।

**मथुरा - जनता यूनियन ।** बरसाना कस्बा के विश्व प्रसिद्ध श्रीजी मंदिर में गुरुवार को दर्शन के दौरान उस समय अफरा तफरी मच गई, जब मंदिर की लोहे की रेलिंग में अचानक करंट दौड़ने लगा। रेलिंग छूते ही कुछ श्रद्धालुओं को झटके महसूस हुए तो वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सेवायतों और मंदिर कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं को रेलिंग से दूर हटाया और फिर दूरी बनवाकर दर्शन कराना शुरू कर दिया। घटना के बाद मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए भय और असमंजस का माहौल बन गया। श्रद्धालु एक दूसरे को रेलिंग से दूर रहने की चेतावनी देते नजर आए। भीड़ अधिक होने के कारण मंदिर कर्मचारियों को व्यवस्था संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलते ही मंदिर प्रशासन सक्रिय हो गया और विद्युत कर्मियों को मौके पर बुलाया गया। प्राथमिक जांच में किसी विद्युत तार में लीकेज या अर्थिंग की खराबी की आशंका जताई जा रही है। एहतियात के तौर पर रेलिंग के आसपास विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से लगातार अपील की जा रही है कि वे लोहे की रेलिंग को हाथ न लगाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। उधर घटना के बाद कई श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विद्युत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता भी जताई।

# नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर निगम पर निकाली भड़ास

## वर्तमान कार्यकारिणी का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर हुई बैठक



मथुरा। बैठक में मौजूद नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सदस्य।

**मथुरा - जनता यूनियन ।** नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की वर्तमान कार्यकारिणी के एक साल पूर्ण होने पर आयोजित नगर कार्यकारी बैठक में जहां एक साल के कार्यों का मूल्यांकन किया गया वहीं नगर के कोने कोने से मौजूद पदाधिकारीयो द्वारा नगर निगम की कार्य प्रणाली को लेकर जबरदस्त रोष था। निगम द्वारा पुराने बस अड्डे से होली गेट तक छोड़ी गई अधूरी सड़क, होली गेट से आर्य समाज, होली गेट से भरतपुर गेट सड़क व मसानी से भूतेश्वर तक की सड़कों की बदहाल स्थिति को देखते हुए निगम के खिलाफ निर्णायक आंदोलन करने की हुंकार भरी वही संगठन की मजबूती हेतु नवीन दायित्वो की घोषणा की गई व विद्युत विभाग की बदहाल व्यवस्था को लेकर भी व्यापारियों में रोष व्याप्त था। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रवाल धर्मशाला में हुई बैठक में अध्यक्ष द्वारा व्यापारी हितों व निरंतर एक वर्ष तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए संगठन विस्तार हेतु और अधिक सक्रियता से नगर के सभी बाजारों, कंपलेक्सों, मार्केट व मोहल्लों तक व्यवसाय समितियो के गठन की बात कही। उपस्थित उपाध्यक्ष गुरमुख दास व सुनील साहनी द्वारा पुराने बस अड्डे से होली गेट तक बनाई गई सड़क के दोनों और महीनो बाद भी फुटपाथ व नाली निर्माण न होने से व्यापारियों को हो रही नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया। वहीं सहमहामंत्री भगवान चतुर्वेदी व वरिष्ठ मंत्री विकास जिंदल द्वारा भैंस बहोरा नाले के निर्माण न होने, नगर में जगह-जगह सड़क निर्माण के लिए बाजारों को खोदे जाने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि संपूर्ण नगर को खोद कर डाल दिया है एक तरफ से निर्माण कार्य शुरू करना चाहिए व्यापारियों का दुकान पर बैठना मुश्किल हो गया है दिन भर धूल मिट्टी उठती है व राहगीर चुटेल होते है। युवा व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल व नगर मंत्री नागेंद्र वर्मा द्वारा नगर में हर समय लगने वाले जाम की और ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जाम के कारण ग्राहक शहर के अंदर खरीदारी करने नहीं आता यहां का व्यापारी इससे बहुत परेशान है हर चौराहे, तिराहे व बाजारों में हर समय जाम ही जाम रहता है ऐसा लगता है कि प्रशासन के पास कोई ठोस योजना ही नहीं है। बैठक में सबसे ज्यादा असंतोष नगर निगम की कार्य प्रणाली को लेकर था जिस पर तय किया गया कि शीघ्र ही व्यापारी नगर आयुक्त से मिलकर व्यापारिक समस्याओं व इन सड़कों की निर्माण के संदर्भ में वार्ता करेंगे व हल न निकलने पर एक जोरदार प्रदर्शन नगर निगम के खिलाफ किया जाएगा इसी तरह विद्युत विभाग के अधिकारियों को एक बार चेताया जाएगा सुधार नहीं होने पर व्यापार मंडल ऐसे अधिकारियों का घेराव करेगा व जाम की समस्या हेतु व्यापक कार्य योजना के साथ व्यापारी नए आए पुलिस अधीक्षक यातायात से मिलेंगे। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष व पार्षद चौधरी राजवीर सिंह, राज नारायण गौड, रवि अग्रवाल मास्टर, मंत्री विजयवीर सिंह, गिरीश खंडेलवाल, प्रेम शंकर अग्रवाल, अश्वनी गर्ग, महेश चंद्र गुप्ता, कन्हैया अग्रवाल, दिनेश गर्ग संगठन मंत्री उपेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सचिन चतुर्वेदी, संजीव अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, योगेंद्र कुमार, पूरन सिंह सविता, लक्ष्मण कालरा, जगत बहादुर अग्रवाल कोषाध्यक्ष मीना लाल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने फूंका सरकार का पुतला, महंगाई को लेकर किया प्रदर्शन

**मथुरा - जनता यूनियन ।** कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों के विरोध में मथुरा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आह्वान पर जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार पिंटू भईया के नेतृत्व में व्यापारियों का जत्था रंगेश्वर मार्केट स्थित कैंप कार्यालय से पैदल मार्च करता हुआ होली गेट पहुंचा, जहां महंगाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और पुतला दहन किया गया। इसके बाद व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसडीएम चंद्रभूषण सिंह को राष्ट्रपति के नाम संबोधित नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। एसडीएम ने ज्ञापन स्वीकार कर उसे राष्ट्रपति तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार पिंटू ने कहा कि कॉमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि से खानपान व्यवसाय से जुड़े छोटे व्यापारियों पर गहरा असर पड़ा है। इससे खाद्य पदार्थों की कीमतें भी बढ़ी हैं और बाजार में मंदी का माहौल बन गया है। उन्होंने मांग की कि सिलेंडरों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए, ताकि व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। जिला महामंत्री बबलू सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में उद्योग व्यापार मंडल इस मुद्दे को लेकर आंदोलन कर रहा है और सरकार से मांग की जा रही है कि बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण किया जाए। इस दौरान भगवती चतुर्वेदी, सोनू अग्रवाल, पवन चौधरी लाला, नितिन कुमार, रजत सैनी, संजू सैनी, विक्की ठाकुर, गोपाल राजपूत, पीयूष कुमार, सक्षम कुमार, अज्जू सैनी, उदित गोयल, पप्पू पंडित सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर स्वगणना कार्य कराया

**मथुरा - जनता यूनियन ।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व / जिला जनगणना अधिकारी डा0 पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का स्व-गणना कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर के समस्त अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा सम्पन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्व-गणना, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना आदि के संबंध में पीपीटी के माध्यम से सभी कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर स्वगणना कार्य कराया गया। अपर जिलाधिकारी डा0 पंकज कुमार वर्मा ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में दिनांक 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक आम जनमानस द्वारा स्वगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी गणना ऑनलाइन की जा सकती है। प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 के मध्य संपादित किया जाएगा।

# वृंदावन में 22 को निकलेगी महाराणा प्रताप की शोभायात्रा

## सभी समाज के महापुरुषों की झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र



मथुरा। हक्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।

**मथुरा - जनता यूनियन ।** क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 22 मई को शहर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें केवल महाराणा प्रताप ही नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों के महापुरुषों की भव्य झांकियां शामिल की जाएंगी। वृन्दावन क्षत्रिय महासभा के बैनरतले गुरुवार दोपहर को श्री अंतर्यामी मंदिर में आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में महासभा के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा विशेष और समावेशी होगी। शोभायात्रा में महाराणा प्रताप ही नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों के महापुरुषों की भव्य झांकियां शामिल की जाएंगी। जितेंद्र सिंह राणा ने कहा कि हमारा उद्देश्य महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना और सामाजिक समरसता का संदेश देना है। वीरेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि महाराणा प्रताप की शोभयात्रा ठा अंतर्यामी मंदिर से प्रारंभ होकर स्नेह बिहारी मंदिर, दाऊजी मोड़, बनखंडी, लोई बाजार, प्रताप बाजार होकर गोविंद घेरा चुंगी के पास सम्पन्न होगी। ठा. हरिवल्लभ सिंह ने सभी नगरवासियों से इस गौरवशाली उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की। इससे पूर्व आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा आमंत्रण पत्र का विधिवत रूप से विमोचन किया गया। इस मौके पर ठा धर्मसिंह, ठा.राधामण सिंह, ठा. लेखराज सिंह, ठा. पंकज मोरवाल, विवेक मोरवाल, ज्ञानी ठाकुर, विजय सिंह दूध वाले, नवीन सिंह, ठा.जतिन सिसौदिया, घनश्याम सिंह, रामप्रकाश सिंह, श्याम सिसोदिया, उदयपाल सिंह आदि थे।

## हर वक्त फैसले लेना थका देता है : मीरा राजपूत

**मुंबई,** (एजेंसियां)। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में महिलाएं कई भूमिकाएं निभाती हैं। ऐसे में मानसिक थकान और दबाव महसूस करना स्वाभाविक है। इसी विषय पर बात करते हुए मीरा राजपूत कपूर ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि महिलाओं को कभी-कभी हर छोटी-बड़ी जिम्मेदारी और फैसलों से दूर होकर खुद के लिए समय निकालना चाहिए, ताकि वे मानसिक रूप से हल्का महसूस कर सकें। मीरा राजपूत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने मायके में बिताए समय के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के घर पर रहना एक अलग तरह का सुकून देता है। मायके में मैं खुद को ज्यादा सहज महसूस करती हूं। यहां मुझे किसी तरह का दबाव महसूस नहीं होता।



वीडियो में मीरा आगे कहती हैं, काफी समय बाद मैं इस तरह खुलकर अपने मन की बात साझा कर रही हूं। जब मैं अपनी मां के घर पर थी, तब मुझे एहसास हुआ कि कुछ जगहें और रिश्ते ऐसे होते हैं, जो हमें बिना किसी शर्त के सुकून देते हैं। इस अनुभव को शब्दों में पूरी तरह बयां करना मुश्किल है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को हर समय फैसले लेने की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। दिनभर उन्हें यह तय करना होता है कि घर में क्या बनेगा, कौन कहां जाएगा, कौन सा काम पहले करना है और कौन सा बाद में।

# बीमारियों से पहले शरीर देता है संकेत

- मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर आना, तेज सिरदर्द व अत्यधिक प्यास लगना जैसे लक्षण शामिल
- बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों को ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। गर्मी का मौसम अपनी चरम सीमा पर पहुंच रहा है। इस समय गर्मी से जुड़ी बीमारियां धीरे-धीरे बढ़ने लगती हैं और कई बार लोगों को इसका पता भी नहीं चलता। लेकिन शरीर बीमारी गंभीर होने से काफी पहले ही कई संकेत देना शुरू कर देता है। इन संकेतों को समय रहते पहचानकर गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने भी गर्मी के तनाव से पहले शरीर द्वारा दिए जाने वाले चेतावनी संकेतों के बारे में जागरूकता फैलाते हुए जानकारी दी है।

अगर शरीर के महत्वपूर्ण संकेतों पर ध्यान दें, तो गर्मी का असर बढ़ने पर शरीर अस्वस्थ होने के कई संकेत देता है। इनमें ज्यादा पसीना आना, जी मिचलाना या उल्टी जैसा महसूस होना, मांसपेशियों में ऐंठन या दर्द, ठंडी और चिपचिपी त्वचा, चक्कर आना, तेज सिरदर्द और अत्यधिक प्यास लगना जैसे लक्षण शामिल हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, ये संकेत सामान्य नहीं होते। इन्हें नजरअंदाज करने से हीट एग्जॉर्शन या हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति हो सकती है। इन शुरुआती लक्षणों को पहचानकर तुरंत कदम उठाने से बड़ी मुसीबत से बचा जा सकता है।

### गर्मी से होने वाली समस्याओं पर नियंत्रण के उपाय

गर्मी से होने वाली समस्याओं पर नियंत्रण या गर्मी को मात देने के लिए कुछ आसान उपाय एक्सपर्ट सुझाते हैं। इसके लिए दिन के सबसे गर्म समय यानी दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक बाहर निकलने से बचें। हल्के और ढीले सूती कपड़े पहनें जो पसीना सोख सके। भरपूर मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ, लस्सी या नारियल पानी पिएं। प्यास न लगे तब भी थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।

नमक और खनिजों की कमी पूरी करने के लिए घर का बना पौष्टिक भोजन खाएं। ठंडी और छायादार जगह पर आराम करें तथा भारी व्यायाम से बचें। अगर ऊपर बताए गए कोई भी संकेत दिखाई दें, तो तुरंत ठंडी जगह पर जाएं, आराम करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें।

आयुष मंत्रालय के अनुसार, गर्मी का तनाव शरीर पर कई तरह से असर डालता है। इसलिए जागरूक रहना और अपनी सेहत की जिम्मेदारी खुद लेना जरूरी है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों को ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। वास्तव में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।



गर्मी के मौसम में छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर खुद को और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं। शरीर के दिए संकेतों को समझें, समय रहते कदम उठाएं और गर्मी से होने वाली समस्याओं को आसानी से मात दें।

## शेन निगम की फिल्म 'ड्रिडम' को सेंसर बोर्ड की हरी झंडी

**चेन्नई,** 6 मई (एजेंसियां)। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में क्राइम और थ्रिलर फिल्मों का चलन तेजी से बढ़ा है। दर्शक रहस्य और सस्पेंस से भरी कहानियों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब एक और बहुप्रतीक्षित मलयालम फिल्म 'ड्रिडम' रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच काफी चर्चा थी और अब सेंसर बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद इसका इंतजार और भी बढ़ गया है।

दरअसल, सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इस फिल्म को 'यू/ए 16 प्लस' सर्टिफिकेट के साथ पास कर दिया है। इसका मतलब यह है कि 16 साल से ऊपर के दर्शक इस फिल्म को देख सकते हैं। फिल्म का निर्देशन मार्टिन जोसेफ ने किया है और इसमें अभिनेता शेन निगम मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद अब यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ई4 एंटरटेनमेंट ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए जानकारी साझा की। उन्होंने एक पोस्टर जारी करते हुए बताया कि फिल्म अब पूरी तरह तैयार है और जल्द ही दर्शकों के सामने आने वाली है। इस घोषणा के बाद फैंस के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है। फिल्म में शेन निगम एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर विजय राधाकृष्णन के किरदार में नजर आएंगे। यह किरदार एक ऐसे इंस्पेक्टर का है, जो अपने करियर की शुरुआत कर रहा है और पहली बार एक थाने की जिम्मेदारी संभालता है। शुरुआत में उसे एक ऐसे इलाके में पोस्टिंग मिलती है, जिसे शांत और अपराधमुक्त माना जाता है।

## मां का आहार ही बच्चे की ताकत

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। स्तनपान कराने वाली महिलाओं का खान-पान सिर्फ उसकी सेहत तक सीमित नहीं रहता बल्कि सीधे बच्चे के विकास और उसकी इम्यूनिटी पर भी असर डालता है। इसलिए इस समय डाइट का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है। सही और संतुलित भोजन न सिर्फ मां को ताकत देता है बल्कि बच्चे को भी जरूरी पोषण देता है जिससे उसका शारीरिक और मानसिक विकास अच्छे से हो पाता है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए सबसे जरूरी है कि वे अपने भोजन में सभी जरूरी पोषक तत्व शामिल करें। आमतौर पर भोजन को चार मुख्य समूहों में बांटा जा सकता है। पहला समूह है अनाज जिसमें गेहूं, चावल, बाजरा और रागी जैसे विकल्प शामिल होते हैं। ये शरीर को ऊर्जा देते हैं और दिनभर एक्टिव रहने में मदद करते हैं। दूसरा समूह है दालें और प्रोटीन युक्त चीजें जैसे मूंग, मसूर, चना आदि। ये शरीर की मरम्मत और बच्चे के विकास में बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। तीसरा समूह है फल और सब्जियां। ये विटामिन, मिनरल और फाइबर का अच्छा स्रोत होती हैं। हरी सब्जियां जैसे पालक, मेथी, बथुआ और मौसमी फल जैसे केला, सेब, पपीता आदि मां के शरीर को मजबूत बनाते हैं और इम्यूनिटी बढ़ाते हैं। चौथा समूह है दूध और दूध से बने पदार्थ, जैसे दही, पनीर और छाछ। ये कैल्शियम का अच्छा स्रोत होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।



अनाज जिसमें गेहूं, चावल, बाजरा और रागी जैसे विकल्प शामिल

इसके अलावा, थोड़ी मात्रा में अच्छे फैट्स भी जरूरी होते हैं, जैसे घी, मेवे (बादाम, अखरोट), गुड़, तिल आदि। ये शरीर को ऊर्जा देते हैं और कमजोरी को दूर करने में मदद करते हैं। हालांकि ध्यान रहे कि इनका सेवन संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए। ज्यादा खाने से फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है।

स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आमतौर पर सामान्य से थोड़ा ज्यादा भोजन करने की सलाह दी जाती है, लगभग एक चौथाई ज्यादा। इसका कारण यह है कि इस समय शरीर ज्यादा ऊर्जा खर्च करता है क्योंकि दूध बनने की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। अगर सही मात्रा में खाना नहीं लिया जाएगा तो थकान, कमजोरी और चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है। सिर्फ खाना ही नहीं बल्कि पानी का सेवन भी बहुत जरूरी है। दिनभर में पर्याप्त पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और दूध बनने की प्रक्रिया भी बेहतर होती है। इसके अलावा हल्की-फुल्की वॉक और आराम भी जरूरी है, ताकि शरीर को रिकवरी का समय मिल सके।

## अस्सी वर्षीय मरीज की हाई-रिस्क टीएवीआर प्रक्रिया से बचाई जान

**ग्रेटर नोएडा,** (एजेंसियां)। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में डॉक्टरों की टीम ने, गंभीर और जीवनघाती हार्ट वाल्व कंडीशन से जूझ रहे, 80 वर्षीय मरीज का सफल उपचार किया है। मरीज के एओर्टिक वाल्व और प्रमुख रक्तधमनियों में कैल्शियम का काफी जमाव था, जिसके परिणामस्वरूप उनकी धमनियां काफी सख्त हो गई थीं और हृदय को होने वाला रक्तप्रवाह काफी प्रभावित था। इसकी वजह से उनकी स्थिति काफी बिगड़ रही थी और वे कभी भी हृदयाघात का शिकार बन सकते थे।





- मरीज दुर्लभ एओर्टिक कैल्सिफिकेशन से थे ग्रस्त
- एडवांस वाल्व टेक्नोलॉजी की सहायता से दिया गया अंजाम

लेकिन इन तमाम जटिलताओं के बावजूद, मेडिकल टीम ने उनकी मिनीमॅली इन्वेसिव ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रक्रिया की जिसमें रोगग्रस्त एओर्टिक वाल्व को बिना ओपन हार्ट सर्जरी किए बदला गया। यह मामला ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में शुरुआत में संपन्न अत्यंत जटिल टीएवीआर प्रक्रियाओं में से है, और इसे अत्याधुनिक वाल्व टेक्नोलॉजी की मदद से अंजाम दिया गया, जिसने इसे उक्त हाई-रिस्क बुजुर्ग मरीज के मामले में अत्याधुनिक कार्डियाक केयर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित किया है। इस बुजुर्ग मरीज मधुमेह, हाइपरटेंशन, थायरॉयड विकार, और सीओपीडी जैसी कई क्रोनिक कंडीशन से भी जूझ रहे थे और हाल के हफ्तों में उनके सीने में दर्द अधिक रहने लगा था तथा उन्हें सांस लेने में तकलीफ भी बढ़ गई थी।

उनकी सेहत इस हद तक बिगड़ चुकी थी कि उनके लिए मामूली चलना-फिरना भी कठिन होता जा रहा था, जिसकी वजह से उनकी रोजमर्रा की गतिविधियां प्रभावित होने लगी थीं। मरीज की इमेजिंग जांच से उनकी रक्तधमनियों तथा महाधमनी (एओर्टा) में काफी गंभीर मात्रा में कैल्सिफिकेशन का भी पता चला था, जिसने इस प्रक्रिया की जटिलता बढ़ा दी थी और उपचार करने वाली टीम के लिए खासतौर से यह मामला काफी चुनौतीपूर्ण था। इस प्रक्रिया को डॉ. शांतनु सिंघल, कंसल्टेंट, कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा तथा डॉ. धीरज शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट, सीवीटीएस सर्जरी, फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के नेतृत्व में पूरा किया गया। सावधानीपूर्वक की गई प्लानिंग और सटीक तरीके से की गई प्रक्रिया के परिणामस्वरूप, वाल्व को करीब एक घंटे में सफल तरीके से बदला गया, जिससे मरीज के रक्तप्रवाह में काफी सुधार हुआ। मरीज ने तेजी से रिकवरी की और प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनकी हालत स्थिर रही जिसे देखते हुए दो दिनों के बाद ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## डर हर किसी को लगता है, फर्क सिर्फ उसे संभालने में है : गौरव खन्ना

**मुंबई,** (एजेंसियां)। टीवी और फिल्मों के जाने-माने अभिनेता गौरव खन्ना इन दिनों अपने नए रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' को लेकर चर्चा में हैं। गौरव खन्ना ने कहा कि मेरे लिए यह किसी तरह की सर्वाइवल की मजबूरी नहीं है, बल्कि यह ग्रोथ का हिस्सा है। एक कलाकार जब लंबे समय तक एक ही तरह के काम करता है, तो उसे कुछ नया करने की जरूरत महसूस होती है। ऐसे में रियलिटी शो मुझे अलग तरह के दर्शकों तक पहुंचने और नई चीजें सीखने का मौका देते हैं। मैं हर अनुभव को एक सीख की तरह लेता हूं, चाहे वह कैमरे के सामने हो या कैमरे के पीछे।

## रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में स्पर्श ग्लोबल स्कूल व बीएलएस बने चैम्पियन

**ग्रेटर नोएडा,** (एजेंसियां)। बीएलएस इंटर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन अंडर-10 एवं अंडर-12 वर्ग के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। सभी स्केटर्स ने जोश, दृढ़ निश्चय और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया, जिससे प्रतियोगिता रोमांचक और कड़ी प्रतिस्पर्धा से भरपूर रही। प्रतियोगिता में स्पर्श ग्लोबल स्कूल ने बीएलएस इंटर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। द्वितीय स्थान- दिल्ली वर्ल्ड स्कूल, तृतीय स्थान पर जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल रहा। विजेताओं को ट्रॉफी प्रधानाचार्या सुषमा पुनिया एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर रीतू चौधरी द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी। प्रतियोगिता-एडजेस्टेबल, आयु वर्ग-10 वर्ष से कम आयु के लड़के में प्रथम स्थान- अनिकेत सिंह - मयूर स्कूल, द्वितीय स्थान-शौर्य सिंह परमार - बीएलएस वर्ल्ड स्कूल। प्रतियोगिता-क्वाड, आयु वर्ग- 10 वर्ष से कम आयु के लड़के में प्रथम स्थान- विहान सिंह- डीडब्ल्यूपीएस, द्वितीय स्थान- समृद्धि त्यागी- बीएलएस वर्ल्ड स्कूल, तृतीय स्थान-अव्यक्त सरीन- डीडब्ल्यूपीएस।



प्रतियोगिता- टॉय लाइनर, आयु वर्ग- 10 वर्ष से कम आयु के लड़के में प्रथम स्थान- तन्मय सिन्हा- स्पर्श ग्लोबल स्कूल, द्वितीय स्थान- शांतनव राज- स्पर्श, तृतीय स्थान- शिवाय केशरी- बीएलएस वर्ल्ड स्कूल। प्रतियोगिता- इनलाइन, आयु वर्ग- अंडर 10 लड़के, प्रथम स्थान- अर्नव मौर्य- डीडब्ल्यूपीएस, द्वितीय स्थान- शशवत पटनायक- जी डी गोयनका इंटरनेशनल, तृतीय स्थान- रुद्रम पंवार- एपीजे। इवेंट- क्वाड्स, आयु वर्ग- अंडर 12 लड़के में प्रथम स्थान- आयुष कुमार- जी डी गोयनका इंटरनेशनल, द्वितीय स्थान- लक्ष्य सिंह- कैम्ब्रिज, तृतीय स्थान- वेद भाटी- स्पर्श ग्लोबल।

इवेंट- प्रोफेशनल इनलाइन आयु वर्ग- अंडर 12 लड़कियां, प्रथम स्थान- आरतीका नेगी- जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय स्थान- गुरिशा भगत- जी डी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, तृतीय स्थान- सानवी शर्मा- बीएलएस वर्ल्ड स्कूल।

## गर्मियों के लिए बेहद अच्छी है राई की कांजी

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। गर्मियों के मौसम में शरीर को ठंडक देने और पाचन को ठीक रखने के लिए देसी पेय बहुत काम आते हैं। इन्हीं में से एक है राई की कांजी, जो न सिर्फ स्वाद में अच्छी होती है बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद मानी जाती है। यह एक पारंपरिक फर्मेंटेड ड्रिंक है, जिसे खासतौर पर गर्मियों के समय में ही बनाया जाता है।

कांजी को प्रोबायोटिक ड्रिंक भी कहा जाता है क्योंकि इसमें वो बैक्टीरिया बनते हैं, जो हमारे पेट (गट हेल्थ) के लिए बहुत जरूरी होते हैं। यह पाचन को मजबूत करती है, कब्ज की समस्या को दूर करती है और शरीर को हल्का और ताजगी भरा महसूस कराती है। इसलिए गर्मियों में इसे जरूर पीने की सलाह दी जाती है।

राई की कांजी बनाने के लिए सबसे पहले 1 लीटर पानी लें। इसे हल्का उबालकर ठंडा कर लें ताकि उसमें कोई गंदगी न रहे। अब एक मिक्सी में 1 चम्मच राई, 1 चम्मच नमक और 1 चम्मच हल्दी पाउडर डालकर हल्का पीस लें। इसे एक बर्तन में निकाल लें और उसमें 1 छोटा चम्मच दही मिला दें। दही डालने से फर्मेंटेशन जल्दी और अच्छे तरीके से होता है।

अब जिस डब्बे या जार में कांजी बनानी है, उसे अच्छी तरह साफ कर लें। इसके अंदर मसाला चारों तरफ फैला दें। इसके बाद एक कटोरी में जलता हुआ कोयला रखें, उस पर थोड़ा सा घी और एक चुटकी हींग डालें। अब इस कटोरी को जार के अंदर कुछ मिनट तक कैद रहने दें, फिर जार को हटा लें। इससे कांजी में एक अलग स्वाद और खुशबू आ जाती है।



- गर्मियों में लू से बचाव में भी मदद

अब इसमें ठंडा किया हुआ पानी डालें और तैयार किए गए मसाले को अच्छे से मिला दें। इसके बाद जार का ढक्कन बंद करके इसे 3 से 4 दिन के लिए किसी गर्म जगह पर रख दें ताकि यह अच्छे से फर्मेंट हो सके।

हर दिन एक बार इसे हिला देना बहुत जरूरी है, ताकि फर्मेंटेशन बराबर हो। 3-4 दिन बाद आपकी कांजी तैयार हो जाती है। इसका रंग हल्का सा बदल जाता है और स्वाद में हल्की खटास आ जाती है, जो इसे और भी मजेदार बना देती है।

राई की कांजी न सिर्फ शरीर को ठंडक देती है, बल्कि गर्मियों में लू से बचाव में भी मदद करती है। यह इम्युनिटी को मजबूत करती है और पेट की कई समस्याओं को दूर रखती है। इसे आप दिन में कभी भी पी सकते हैं।

## कब्ज, पेट की चर्बी की समस्याओं में फायदेमंद है भुजंगासन

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। विश्व योग दिवस अब कुछ ही दिनों में आने वाला है। ऐसे में भारत सरकार का आयुष मंत्रालय लोगों को योग के महत्व के बारे में जागरूक कर रहा है और रोजमर्रा की जिंदगी में आसान योगासनों को शामिल करने की सलाह दे रहा है। इसी क्रम में आयुष मंत्रालय ने भुजंगासन

- रीढ़ की हड्डी को बनाता है लचीला
- शरीर में ऊर्जा का बढ़ाता है संचार

यानी कोबरा पोज के अभ्यास की सिफारिश की। यह आसान बैकबेंड आसन उन लोगों के लिए खासतौर पर फायदेमंद है जो स्ट्रेस, कब्ज, पेट की चर्बी, पीठ दर्द या सांस की समस्याओं से परेशान रहते हैं। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारा शरीर हमारी सोच से कहीं ज्यादा बोझ उठाता है। तनाव, थकान और शारीरिक असंतुलन धीरे-धीरे बढ़ते हैं और गंभीर समस्या बन जाते हैं। भुजंगासन जैसे हल्के बैकबेंड आसन इन समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होते हैं।

भुजंगासन के अभ्यास से तन-मन दोनों को फायदे मिलते हैं। भुजंगासन छाती को खोलता है, रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है और पीठ की जकड़न को दूर करता है। यह आसन पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है, जिससे कब्ज की शिकायत कम होती है। साथ ही पेट की चर्बी घटाने में भी सहायक है। नियमित अभ्यास से स्ट्रेस और मानसिक थकान कम होती है क्योंकि यह सांस लेने की प्रक्रिया को सुधारता है और ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाता है। ब्रोंकाइटिस जैसी सांस संबंधी समस्याओं में भी आराम पहुंचाता है।

भुजंगासन उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जिन्हें लंबे समय तक बैठकर काम करना पड़ता है। रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाकर यह मुद्रा संबंधी दर्द को कम करता है और शरीर में ऊर्जा का संचार बढ़ाता है। एक्सपर्ट के अनुसार, भुजंगासन के अभ्यास के लिए पेट के बल लेट जाएं। हथेलियों को कंधों के नीचे रखें। सांस अंदर लेते हुए छाती और सिर को ऊपर उठाएं। कमर को ज्यादा न मोड़ें। 15-30 सेकंड तक इस स्थिति में रहें और फिर धीरे से वापस लेट जाएं।



### बेचैनी से राहत का आसान तरीका भ्रामरी प्राणायाम

**नई दिल्ली।** आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्ट्रेस, बेचैनी और दिमागी परेशानी आम समस्या बन गई है। अगर आपका मन बार-बार शोरगुल और भारी-भरकम महसूस हो रहा है, तो भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने एक आसान और प्रभावी प्राणायाम का सुझाव दिया है- भ्रामरी प्राणायाम। मंत्रालय के अनुसार, भ्रामरी प्राणायाम मन को शांत करने, चिंता कम करने और आंतरिक संतुलन में बहुत मददगार साबित होता है। जब मन में अत्यधिक विचारों का शोर चल रहा हो और आप बेचैनी महसूस कर रहे हों, तो भ्रामरी प्राणायाम का नियमित अभ्यास आपके भीतर गहरी शांति स्थापित करने में सहायक हो सकता है। योग एक्सपर्ट बताते हैं कि भ्रामरी एक विशेष प्रकार का प्राणायाम है, जिसमें सांस छोड़ते समय भौंरों की तरह हम्मम की ध्वनि निकाली जाती है। इस प्रक्रिया से मस्तिष्क में कंपन पैदा होता है जो तनावग्रस्त नसों को शांत करता है। इससे चिंता, गुस्सा, बेचैनी और नींद की समस्या में भी काफी राहत मिलती है। यह प्राणायाम मन को एकाग्र करने और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में प्रभावी माना जाता है।

# जिला निरीक्षण समिति ने किया बच्चा जेलों का निरीक्षण

## संवासियों के हित में सभी व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के निर्देश दिये


ललितपुर। किशोर गृह का निरीक्षण करती जिला निरीक्षण समिति।

**ललितपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला निरीक्षण समिति के द्वारा राजकीय बालगृह -बालक दैलवारा एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह नेहरूनगर का निरीक्षण किया गया। इन्हें स्थानीय बोलचाल की भाषा में बच्चा जेल कहा जाता है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ईसी एक्ट श्री नीरज कुमार महाजन, सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी नवीन कुमार पांडेय की गरिमामय मौजूदगी रही।
निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत द्वारा उच्च न्यायालय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी के निर्देशों के अनुपालन में दोनों संस्थाओं में निवासरत बालकों एवं किशोरों से शैक्षिक व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। बालकों एवं किशोरों से उनके स्वास्थ्य, भोजन, दिनचर्या एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को जाना गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बालकों एवं किशोरों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, संतुलित आहार, समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए तथा उनके सर्वांगीण विकास हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से संचालित की जाएं।

# ढाबे पर मोबाईल से खिला रहे थे ऑनलाइन सट्टा

**ललितपुर।** अपराध नियंत्रण पुलिस ने सागर रोड स्थित एक ढाबे के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे स मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसमें ऑनलाइन सट्टेबाजी का प्लेटफॉर्म खुला था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।
पुलिस के अनुसार 6 मई 2026 को उपनिरीक्षक रज्जन बाबू पुलिस टीम के साथ मसौरा चौकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सागर रोड स्थित साहूजी ढाबा के पास एक व्यक्ति मोबाइल के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिनेश साहू पुत्र प्रभुदयाल साहू निवासी आजादपुरा तृतीय, थाना कोतवाली ललितपुर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक सैमसंग गैलेक्सी एफ23 5जी मोबाइल फोन बरामद हुआ। मोबाइल की जांच करने पर उसमें ऑनलाइन सट्टा साइट खुली मिली, जिसमें हजारों रुपये के लेनदेन का रिकॉर्ड पाया गया। पुलिस ने मौके पर ही मोबाइल का फोटो और डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित कर लिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी दिनेश साहू के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कचहरी परिसर में खुला सार्वजनिक जल सेवा केन्द्र

## डीएम ने की पहल की सराहना



ललितपुर। सार्वजनिक नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ करते अधिकारी।

**ललितपुर।** भीषण गर्मी के बीच आमजन और अधिवक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से गुरुवार को कचहरी परिसर में सार्वजनिक जल सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन स्थानीय एक संस्थान एवं लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने फीता काटकर किया। इस सेवा के अवसर पर लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सर्राफ, ला.शिवचरन सोनी तथा संस्थान से हाकिम सिंह सहित संस्था के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी खूब उपस्थिति रही। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरीराम राजपूत ने अतिथियों को इस सेवाकार्य की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी में जल सेवा जैसी जनहितकारी पहल सराहनीय है। ऐसे सामाजिक प्रयास लगातार होना चाहिये। इस दौरान कचहरी परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं ने मुख्य सड़क पर आये दिन लगने वाले जाम की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने इस समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अधिवक्तागण के.के.बंसल, बादाम सिंह, बहादुर अहिरवार, कुंवर जगवीर, रामगोपाल गोस्वामी, पवन कौशिक, रामचरन, मदन, देशराज, भागीरथ, विजय सक्सेना, प्रमोद श्रीवास्तव, राजपाल यादव, रवि रैकवार, जगदीश कुशवाहा, पूजा रैकवार समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# राजघाट नहर में डूबने से तीन युवकों की मौत, दो गंभीर झाँसी रेफर

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के ग्राम हर्षपुर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने आए पांच युवक गांव के पास स्थित राजघाट नहर में नहाने गए थे। इसी दौरान गहरे पानी और तेज भंवर में फंसने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्यअन्य युवकों को गंभीर हालत में उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इस हादसे की सूचना से मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण आ जुटे। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम वस्त्रावन से कुछ लोग शादी समारोह के बाद हर्षपुर गांव रिश्तेदारी में आए हुए थे। गुरुवार सुबह पांच युवक घूमते हुए गांव के पास स्थित राजघाट नहर पर पहुंचे और नहाने लगे। इसी दौरान सभी युवक पानी की तेज धारा और भंवर की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों ने युवकों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक तीन युवक पानी में समा चुके थे। हादसे में मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर क्षेत्रांतर्गत थाना चंदेरी के ग्राम प्राणपुरा निवासी 30 वर्षीय मिथुन पुत्र नारायण व 20 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र कपूर सिंह एवं ग्राम वस्त्रावन निवासी 22 वर्षीय धीरज पुत्र मनीराम की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि जगदीश पुत्र सरमन और राजकुमार पुत्र मनीराम को गंभीर हालत में स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जल्द बनेंगी बसपा की सेक्टर कमेटियाँ

## बैठक में संगठन मजबूती पर दिया जोर


ललितपुर। बैठक में चर्चा करते बसपाई।

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सेक्टर-48 की कमेटियों के गठन, पुनर्गठन और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।
बैठक में मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगैयां एवं केहर सिंह गौतम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंडल प्रभारियों ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरी मजबूती के साथ बूथ स्तर पर कार्य करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि विधानसभा प्रभारी अभिषेक गौतम और विधानसभा अध्यक्ष संतोष अहिरवार इस दौरान उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि सेक्टर कमेटियां संगठन की रीढ़ होती हैं और मजबूत संगठन ही पार्टी को सफलता दिला सकता है। बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष बृजभान अहिरवार (परोंदा) ने की। सर्व सम्मति से बूथ संख्या 543 पर उत्तमसिंह तथा बूथ संख्या 544 पर जयराम को बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
इस दौरान संतोष कुमार (विधानसभा महासचिव), धर्मेन्द्र कुमार अहिरवार (पूर्व मंडल प्रभारी), प्रकाश पाल (सेक्टर महासचिव), किशन लाल, लालाराम, पप्पू अहिरवार, हन्नू अहिरवार, लक्ष्मण प्रसाद, जमना प्रसाद, अरविंद कुमार, कैलाश, देशराज, संजू, आशाराम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सेक्टर महासचिव प्रकाश पाल ने आभार जताया।

# ललितपुर पुलिस पकड़े दो गाँजा तस्कर

## 4 किलो से अधिक गाँजा बरामद


ललितपुर। अवैध गाँजे के पकड़ा गया नशेबाज।

**ललितपुर।** जनपद पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार कियाहै। पुलिस ने इनके कब्जे से 4 किलो 104 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। गिरोह का एक अन्य सदस्य मौके से भागा बताया गया है।
कोतवाली सदर क्षेत्र की नई बस्ती चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खोंकरा में कुछ लोग अवैध गांजे की बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो संदिग्धों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान गिरफ्तार आरोपी केहर सिंह बुन्देला के पाससे 2 किलो 41 ग्राम गांजा तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि दूसरे आरोपी छत्रपाल सिंह परमार के कब्जे से 2 किलो 63 ग्राम गांजा बरामद किया गया। कुल बरामद गांजे की मात्रा 4 किलो 104 ग्राम बताई गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह काफी समय से अवैध मादक पदार्थों की बिक्री कर रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि घर के पीछे खाली स्थान का उपयोग कर गांजे की बिक्री की जा रही थी।
मामले में तीसरा आरोपी अरविन्द राजा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने थाना नाराहट के ग्राम बरौदिया व हाल रामनगर निवासी केहर सिंह बुन्देला पुत्र राजेन्द्र सिंह, ग्राम खोंकरा निवासी छत्रपाल सिंह परमार पुत्र प्रीतम सिंह परमार को हिरासत में लिया है, जबकि ग्राम खोंकरा निवासी अरविन्द राजा पुत्र निरन राजा भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिएपुलिस लगातार दबिश दे रही है। इस अभियान से नशा कारोबारी भूमिगत हो गये हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पत्रकार संजना सिंह के घर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़े, 10 पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** एक महिला पत्रकार के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त करने, अभद्रता करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला आजादपुरा निवासी संजना सिंह पत्नी स्व.अनवर एक मान्यता प्राप्त पत्रकार हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल 2026 की शाम करीब 8.15 बजे जब वह घर से बाहर निकलीं तो देखा कि उनके घर और गली के मोड़ पर सुरक्षा के लिए लगाए गए दो सीसीटीवी कैमरे टूटे हुए लटक रहे थे। आरोप है कि मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने कैमरे क्षतिग्रस्त किए और विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकियां दीं।
पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि घटना के पीछे आपसी रंजिश और धार्मिक द्वेष की भावना भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी उनके कैमरे चोरी और नुकसान पहुंचाने की घटनाएं हो चुकी हैं। मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य भी उपलब्ध कराए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में राकेश नामदेव, पूजा कुशवाहा, मुकेश, बॉबी रैकवार, रज्जो, राधा, शिवानी ताम्रकार, संजय भारद्वाज, सत्यम ताम्रकार और नानू ताम्रकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 191(2), 324(2), 352 और 351(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### नगर पालिका कर्मी से को पीटा और धमकाया, चार पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पिसनारी बाग निवासी प्रियंक कुमार ने चार युवकों के खिलाफ मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने, रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि वह नगर पालिका परिषद में स्वास्थ्य नायक के पद पर कार्यरत है। बताया कि मोहल्ले के ही मोहित खटीक, अनिकेत, अमन पुत्रगण राकेश उर्फ झब्बू खटीक तथा सोनू यादव आए दिन उन्हें परेशान करते थे और ड्यूटी पर जाने से रोकते थे। आरोप है कि 15 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5.30 बजे जब वह ड्यूटी से लौट रहे थे, तभी आरोपियों ने रास्ता रोककर उनसे शराब के लिए 5 हजार रुपए की मांग की और विरोध करने पर मारपीट कर दी। आसपास के लोग आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दी।

# पक्षी संरक्षण अभियान सराहनीय : ईओ नगरपालिका

## तखत ग्रुप के साथ ईओ ने भी घर घर बाँटे जलपात्र


ललितपुर। जलपात्र वितरण करे ईओ और तखत ग्रुप सदस्य।

**ललितपुर।** भीषण गर्मी के बीच पक्षियों के संरक्षण और उन्हें पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामाजिक संगठन तखत ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा जलपात्र वितरण अभियान लगातार जनसमर्थन हासिल कर रहा है। अभियान के पांचवें दिन गुरुवार को नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा तखत ग्रुप के साथ पैदल चले और अभियान में शामिल होकर घर-घर जाकर जलपात्र वितरण में सहयोग किया।
ईओ ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान है। आधुनिकता की दौड़ में प्राकृतिक संसाधनों और जैव विविधता को नुकसान पहुंच रहा है, ऐसे में पक्षियों का संरक्षण समय की माँग है। उन्होंने कहा कि घर-आंगन में दिखने वाली गौरैया जैसे पक्षियों की संख्या लगातार कम हो रही है, इसलिए इनके संरक्षण के लिए समाज को आगे आना होगा। उन्होंने तखत ग्रुप द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जलपात्र वितरण को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इस तरह के अभियान समाज में संवेदनशीलता और जीव संरक्षण का संदेश देते हैं। अभियान के दौरान तखत ग्रुप के सदस्यों ने इलाइट क्षेत्र स्थित भगवान परशुराम मंदिर के आसपास, एलआईसी के पीछे, रामनगर एवं अन्य मोहल्लों में घर-घर जाकर जलपात्र वितरित किए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह सुबह और शाम अपने घरों की छत, छज्जों और खुले स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी अवश्य रखें। इस अवसर पर मज्जू सोनी, आशीष चौबे, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, विद्या मालवीय, अशोक अनौरा, राजेश दुबे, रिंकू बबेले, मिन्टू सिंघई, अभय जैन, सुदामा मिश्रा, मकरंद किलेदार विक्की, राजीव चौबे बुढ़वार, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, अमित तिवारी, जितेन्द्र गोस्वामी, सोमू समैया, सुमेर जैन, विजय शर्मा, पप्पू पटवा, राजीव शर्मा, बृजेश जैन, मनीष पटाखा, जगदीश सोनी, अमित लखेरा आदि मौजूद रहे।

# जनगणना कार्य शुरू : शहर के सभी वार्डों को किया ब्लॉक में विभाजित

## ईओ के नेतृत्व में 52 सुपरवाइजर करेंगे निगरानी


ललितपुर। जनगणना के लिये तत्पर नपा कर्मी।

**ललितपुर।** नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना-2027 की तैयारियाँ शुरू हो गयी हैं। नगर क्षेत्र के 26 वार्डों को 311 ब्लॉक (खण्डों) में बाँटा गया है, प्रत्येक खण्डों में एक प्रगणक की नियुक्ति की गयी है। प्रगणकों के कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए 52 सुपरवाइजरों की नियुक्ति भी की गयी है। नगर के समस्त 26 वार्डो मे 22 मई 2026 से मकानों के सूचीकरण का कार्य प्रगणकों द्वारा आरम्भ किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना-2027 के कार्यों को सुचारू रूप से कराने के लिए अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा को चार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 मई, 2026 से मकानों के सूचीकरण का कार्य मोबाइल ऐप के द्वारा नागरिक स्वयं भी कर सकेंगे। 7 मई, 2026 से जो नागरिक स्व-गणना करना चाहेगे, इसके लिए उन्हे अपने मोबाइल पर बेबसाइट खोलना होगा। उसके बाद यूपी को चुनना होगा। यूपी को चुनने के बाद पेज पर एक कैप्चा आएगा जिसे सही-सही नीचे निर्दिष्ट स्थान पर भरना होगा और भवन स्वामी को अपना मोबाइल नम्बर भरकर आगे बढ़ते जाना है। इसके बाद अपने घर का सही लोकेशन जियो टैग करना होगा और प्रत्येक सवाल का सही-सही उत्तर देते जाना है, अंत में स्वयं भरी गयी प्रविष्टियों का सत्यापन करने के उपरांत समिट कर देना है। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि जनगणना 2027 के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा समस्त तैयारियां कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा समस्त जनगणना प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधि, घर-घर सर्वेक्षण की तकनीकी एवं आवश्यक सावधानियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है। जनगणना कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान चार्ज अधिकारी/ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जनगणना प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, जनगणना लिपिक हबीब खान, लिपिक अमित पाराशर, कंप्यूटर ऑपरेटर भगवान सिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# लापता व्यक्ति बनकर दूसरे ने की धोखाधड़ी

## फर्जी आधार कार्ड बनाकर करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया


ललितपुर। शिकायत करने कलक्ट्रेट आये किसान नेता।

**ललितपुर।** ग्राम पटौराकलाँ में जमीन कारोबारियों द्वारा धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बेशकीमती जमीन हड़पने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल उपाध्यक्ष कीरत सिंह यादव ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में शामिल ऐसे जमीन कारोबारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने और जमीन को वापस ग्राम सभा में दर्ज करने की मांग की है। ग्राम पटौराकलां निवासी शिवलाल पुत्र लच्छू सहरिया की कोई संतान नहीं थी, वह करीब 30 वर्षों से लापता हैं। उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए भू-कारोबारियों ने एक गहरी साजिश रची। आरोप है कि भू-कारोबारियों ने थाना जाखलौन के ग्राम नुनावली निवासी कसिया पुत्र निरपत को फर्जी तरीके से लापता शिवलाल बनाकर खड़ा कर दिया। ?शिकायत में खुलासा किया गया है कि आरोपी कसिया के आधार कार्ड में हेराफेरी कर उसे शिवलाल के रूप में पेश किया गया। इसी फर्जी पहचान के आधार पर 16 अप्रैल 2021 को दो अलग-अलग बैनामे क्रेता कल्याण उर्फ कल्लू के नाम करवा दिए गए। इस साजिश में विनोद पुत्र जग्गू और श्यामलाल पुत्र घन्सू को गवाह के तौर पर शामिल किया गया। ?हैरानी की बात यह है कि शिवलाल को यह जमीन पट्टे के जरिए मिली थी, जबकि बैनामे में इसे पैतृक संपत्ति दर्शाकर कानून की आँखों में धूल झोंकने की कोशिश की गई।
मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में हुई जांच में लेखपाल और तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया था कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज शिवलाल एक लापता व्यक्ति है और उसके स्थान पर किसी छद्म व्यक्ति का सहारा लेकर धोखाधड़ी की गई है। इसी जाँच के आधार पर पूर्व में दाखिल-खारिज भी निरस्त हो चुका है। ?किसान नेता कीरत सिंह ने जिलाधिकारी से मांग की है कि फर्जीबाड़ा करने वाले भू-कारोबारियों और फर्जी बिक्रेता पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाए, ?जमीन के कूटरचित दस्तावेजों को शून्य घोषित कर भूमि को ग्राम सभा के नाम दर्ज किया जाए, प्रकरण वर्तमान में उप-जिलाधिकारी के यहां विचाराधीन है, अतः इसमें त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाए।

# न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार वाहन रवाना

## जिला जज समेत अन्य न्यायाधीशो ने दिखायी हरी झण्डी




चित्रकूट। प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते न्यायाधीश ।

**चित्रकूट।** जनपद न्यायालय परिसर से शेषमणि शुक्ला ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

रैली में अग्रणी बैंक चित्रकूट के तत्वावधान में प्रचार वाहन के माध्यम जागरूकता रैली कर्वी नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये नौ मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार करेगी। राममणि पाठक अपर जिला जज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत मे जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट मुख्यालय एवं समस्त तहसीलों में शमनीय आपराधिक वाद अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किया जायेगा। इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत मे बैंकों एवं पराविधिक स्वयं सेवकों के सहयोग से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार एवं आमजन मानस को जागरूक करने के लिये रैली निकाली गयी।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव, राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज सी0डि0, अश्वनी कुमार उपाध्याय सिविल जज (सी0डि0)/एफटीसी, अंशुमान यादव अतिरिक्त सिविल जज (सी0डि0), सुश्री विदिशा भूषण सिविल जज (जू0डि0), सृष्टि शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अभिनव कुमार दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, अनुराग शर्मा अग्रणी प्रबन्धक इण्डियन बैंक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बना कहर, सडक हादसे मे दो की मौत

**चित्रकूट।** जनपद के रैपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर गुरूवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की असमय मृत्यु हो गई। तेज रफ्तार और लापरवाही का कहर एक बार फिर मासूम जिंदगियों पर भारी पड़ा है। जानकारी के अनुसार घटना रैपुरा थाना क्षेत्र के वाल्मीकि आश्रम के समीप की है। यहाँ नेशनल हाईवे पार कर रही एक महिला को तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला सड़क पर दूर जा गिरी और बाइक सवार युवक भी नियंत्रण खोने के कारण गंभीर रूप से चोटिल हो गया। हादसे में बाइक सवार युवक और महिला, दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही रैपुरा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस द्वारा मृतकों की शिनाख्त की जा रही है और परिजनों को सूचित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हाईवे पर यातायात को सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया है।

# डॉ आयुष तिवारी ने प्रथम श्रेणी पास की एम बी बी एस परीक्षा

## नगरवासियों एवं बुद्धि जीवी लोगों ने किया हर्ष व्यक्त



**गुरसरांय।** नगर के खेर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी के पुत्र डॉ आयुष तिवारी ने एम बी बी एस प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण कर डॉक्टर की पढ़ाई पूरी की। बंगरा के ग्राम उल्दन निवासी डॉ आयुष तिवारी ने इण्टर मीडिएट की परीक्षा झांसी के अग्रणीय विद्यालय रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल से पास की।इसके बाद उन्होंने मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर से सम्बद्ध राजकीय मेडिकल कॉलेज विदिशा से पांच वर्षीय एम बी बी एस की पढ़ाई की।

उन्होंने बताया कि उनके पिताजी पं धनप्रकाश तिवारी एवं माताजी श्रीमती अर्चना तिवारी धार्मिक भावना एवं पढ़ाई के लिए प्रेरित करतीं रहतीं है।उन्हीं के आशीर्वाद एवं गुरुजनों की कृपा से यह लक्ष्य पूरा कर पाया हूँ।

उनके पिताजी नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय खेर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य है,तथा उनके दो ताऊ बैंक में शाखा प्रबंधक रहे।बचपन से ही शिक्षा का माहौल घर परिवार में मिला।

उन्हीं सभी का आशीर्वाद एवं गुरुकृपा का परिणाम उनके जीवन मे है। आयुष तिवारी की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं देवेश पालीवाल, प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर, उप प्रबंधक पं बृजकिशोर व्यास,कोशाध्यक्ष सतीश चौरसिया, सुशील स्वामी,राकेश खरे, प्रवक्ता कैलाश प्रकाश गुप्ता,डॉ विवेक मुदगल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल, गोपाल अग्निहोत्री,राम लला पटेल,सरजू शरण पाठक,प्रांजल तिवारी,संजय दोन्दे रिया,विनोद कुमार,सुधीर कुमार पाठक ,इंद्रभूषण द्विवेदी ,अमित भदौरिया, सुनील व्यास, राकेश व्यास,सौरभ अग्रवाल,प्रदीप सोनी,बशीर खान,पुष्पेन्द्र वर्मा,दुर्गा प्रसाद,शिवम गिरी,राम सेवक गौतम,कुलदीप कोदबलकर ,कौशलेश मिश्रा,प्रवीण सिरोही,अशोक आर्या, योगेश अग्रवाल सहित नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।।

## बैमौसम आंधी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**चित्रकूट।** जनपद में आज मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे भीषण गर्मी से राहत तो मिली लेकिन कुदरत के कहर ने भारी तबाही मचाई। शहर से लेकर गांवों तक तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई और कई स्थानों पर बड़े-बड़े ओले गिरे। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि दर्जनों घरों के टीन शेड उड़ गए और कई विशालकाय पेड़ धराशायी हो गए। सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां पेड़ों के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। लोग जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। ओलावृष्टि और आंधी से जनसंपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है, वहीं बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह ठप हो गई है। प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### कलेक्ट्रेट कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पत्रावलियों के रख-रखाव और शासकीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम भूलेख अनुभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर से विभागीय कार्यों की जानकारी ली, जिस पर अवगत कराया कि वर्तमान में खरीफ क्रॉप सर्वे का कार्य प्रगति पर है। इसके पश्चात भू-अभिलेख विभाग (एलआरसी) के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अंश निर्धारण की पत्रावलियों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने लैंड रिकॉर्ड कीपर को कड़े निर्देश दिए कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत अंश निर्धारण की प्रक्रिया में कतई विलंब न किया जाए और इसे शीघ्रता से निष्पादित करें। लिंक एक्सप्रेस-वे से संबंधित उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि प्रकरण के निस्तारण समिति के गठन के निर्देशों का अभी तक पालन नहीं किया गया है। कार्य के प्रति इस घोर लापरवाही और उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पटल सहायक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

### डीएम ने सीएमओ कार्यालय समेत मर्चरी का किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता, अभिलेखों के रख-रखाव और बुनियादी ढांचे की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के प्रारंभ में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कार्यालय भवन के इतिहास एवं वर्तमान संचालन की जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि उक्त परिसर पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल के रूप में संचालित था, जिसे वर्तमान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के रूप में उपयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में प्रस्तावित नए सभागार (हॉल) के स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पोस्टमार्टम हाउस की तत्पश्चात जिलाधिकारी ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित पोस्टमार्टम हाउस का सघन निरीक्षण किया। कंप्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंप्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से पोस्टमार्टम की ऑनलाइन प्रविष्टि की प्रक्रिया की जांच की।

### नगर को स्वच्छ रखने को नगर पालिका सजग

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर नगर पालिका की सख्ती, स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग का लक्ष्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। नगर पालिका द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, स्रोत स्तर पर गीले एवं सूखे कूड़े का पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन), कूड़ा संग्रहण, परिवहन एवं समुचित निस्तारण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए सभी लोग निर्धारित वाहन में ही कूड़ा दें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचें। साथ ही गीले एवं सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने की आदत अपनाएं ताकि कचरा प्रबंधन व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित हो सके। नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम का उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए नगर को प्रदेश के स्वच्छ एवं आदर्श नगरों की श्रेणी में शामिल करना है।

### जबलपुर से हरिद्वार टेऽन का पुनः कराया जाये संचालन

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता बालाघाट मध्य प्रदेश सांसद द्वारा रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष को अवगत कराया है कि जबलपुर से हरिद्वार ट्रेन का संचालन वाया चित्रकूट धाम, बांदा हमीरपुर, कानपुर, लखनऊ सीतापुर, मुरादाबाद, हरिद्वार ट्रेन का संचालन पुनः किया जाए। धार्मिक क्षेत्र प्रभु चित्रकूट धाम से लाखों श्रद्धालु हरिद्वार से केदारनाथ बद्रीनाथ की यात्रा के लिए इसी ट्रेन से यात्रा करते रहे हैं यह ट्रेन कोविड जैसी महामारी के समय पर बंद कर दी गई थी आता है इस ट्रेन का संचालन समय परिवर्तन करके पुनः चलाया जाए।

# बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान मे लगा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

## ग्रामीणों की जांच कर बांटे चश्मे



चित्रकूट। मरीज का नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक।

**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र अंतर्गत आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र बिल्डिंग बिजहना कोलान बड़ी मडैयन एवं कम्पोजिट विद्यालय सेहरिन में बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें लगभग 150 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया।

शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई। जिन मरीजों को नजदीक अथवा दूर देखने में समस्या पाई गई, उन्हें निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए। वहीं मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार एवं ऑपरेशन हेतु चित्रकूट रेफर किया गया। शिविर में मरीजों को आंखों की देखभाल एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां भी दी गई। एड. प्रखर पटेल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और आगे भी इसी प्रकार जनसेवा के कार्य लगातार किए जाएंगे। समाजसेवी मुकेश कुमार ने कहा कि पाठा क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है, इसलिए ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होते हैं।

कार्यक्रम में श्रीकांत पाण्डेय, इन्द्र पाल, जगनन्दन, डॉ. लवकुश यादव, जगत पटेल, अतुल, जानकी, लवकुश, अभय, निखिल, गौरा देवी, बुद्ध विलास सहित अन्य सहयोगी साथी मौजूद रहे।

## अवैध खनन करते हुये 3 डंपर पकडे, बिना रॉयल्टी के भर रहे थे फर्राटे



**मऊरानीपुर (झाँसी)** जिलाधिकारी झाँसी के निर्देशन में अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में देर रात मऊरानीपुर तहसील क्षेत्र के खकौरा घाट पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बडी कार्यवाही करते हुये तीन डंपरों को अवैध बालू परिवहन करते हुये पकड लिया। बताया गया कि भंडरा से खकौरा के बीच बालू से भरे डंपर बिना रॉयल्टी के परिवहन कर रहे थे। हाल ही में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। जिसके बाद जिले भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। खकौरा घाट से लगातार अवैध खनन की शिकायतें मिलने पर देर रात तहसील प्रशासन और पुलिस टीम ने छापामार कार्यवाही की। इस दौरान मौके पर खनन गतिविधि की जाँच की गयी। चालक सम्बन्धित रॉयल्टी और परिवहन के दस्तावेज नही दिखा सके। इसके बाद अधिकारियों ने तीनों डंपरों को कब्जे में लेकर सम्बन्धित धाराओं में कार्यवाही शुरु कर दी। कार्यवाही में उपजिलाधिकारी श्वेता साहू एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का फीता काटकर किया गया उद्घाटन

**मऊरानीपुर (झाँसी)** हनुमत कृपा महाविद्यालय रोरा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित सोनी के कर कमलों से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर किया गया। इसके साथ ही कॉलेज स्टाफके द्वारा अतिथि का माला पहनाकर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी मनोज कनौजिया, उप प्राचार्य राजपाल कुशवाहा, मनोज तिवारी सहित महाविधालय स्टाफएवं कौशल विकास प्रशिक्षण के लाभार्थी मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने पीडित परिजनों को बँधाया ढाँडस

**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर के प्रतिष्ठित सेहारे परिवार के युवा पुत्र की गम्भीर बीमारी से हुयी मृत्यु की घटना पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, नगर अध्यक्ष रोहित सोनी, चंचल कंथरिया, राजेश बिलाटिया, भैया सूरौठिया, प्रधान शुभम वैध , अखिलेश गुप्ता, सहित अनेक पार्टी नेतागणों ने पहुँचकर मदन सेहारे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दुखी परिवार को ढाँडस बँधाया। साथ ही शोकसंवेदनायें व्यक्त की।

## खाटू श्याम मेडीकल स्टोर का विधायक प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर के बिलैया चौराहे के समीप खाटू श्याम मेडीकल स्टोर का विधायक प्रतिनिधि पप्पू सेठ के कर कमलों से उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही संचालक ने अतिथि का तिलक लगाकर, माला पहनाकर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। इसी के चलते पप्पू सेठ ने सर्वप्रथम संचालकगण को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। इसके साथ ही विश्वास जताया कि यह मेडीकल स्टोर क्षेत्रवासियों को सुलभ ,विश्वसनीय एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। वही यह प्रतिष्ठान प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा और जनसेवा का सशक्त माध्यम बनेगा। इस मौके पर रामकिशोर भटनागर, रामआसरे महाराज, टिल्लू डॉक्टर, भगवत साहू, देवेन्द्र चतुर्वेदी, मानसिंह राठौर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बृजेन्द्र खरे तहसील लेखपाल संघ के निर्विरोध बने अध्यक्ष

**मऊरानीपुर (झाँसी)** तहसील लेखपाल संघ को मिला नया नेतृत्व, जिसमें बृजेन्द्र खरे को तहसील लेखपाल संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जिसकी प्रक्रिया जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में सम्पन्न हुयी। इसी के चलते नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माला पहनाकर, बुके भेंट कर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर लेखपाल एवं तहसील स्टाफमौजूद रहा।

# पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री वर्मा ने दी माँ सरस्वती देवी को श्रद्धांजलि



**गुरसराय ( झाँसी )** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा समाजसेवी सतीश चंद्र चौरसिया एडवोकेट के निवास पर पहुँच कर उनकी माता जी सरस्वती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि माता पिता के आशीर्वाद से ही हम सभी आगे बढ़ते हैं बिना माता पिता के आशीर्वाद से हम किसी भी कार्य में सफल नहीं हो सकते माता पिता का साया ही हमारी रक्षा करता है ।

इस मौक़े पर जिनेंद्र जैन अभिनव मिश्रा सत्यम सिंह कैलाश मिश्रा अवधेश सिंह फोजी रामनारायण पसतोर देवेंद्र पटेल शैलेन्द्र पाँचाल आत्माराम फ़ौजी नीरज सीला राजेश मिश्रा ब्रजेश खरे राजेंद्र साहू मनोज नायक कपिल सोनी धर्मेंद्र पटेल नवनीत नायक ऋतिक सोनी राहुल साहू शिवम जोशी सहित तमाम नेता गढ उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत की सड़क का किया भूमि पूजन



**गुरसराय।** ग्राम शीला में मुख्य मार्ग से हनुमान जी महाराज मंदिर तक लगभग 227 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल द्वारा विधि-विधान से किया गया।

उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से ग्रामवासियों एवं मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा वर्षो से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में डॉ. वेद प्रकाश पुजारी, बलराम गौतम, राकेश शर्मा, सुधीर पाठक, आदर्श शर्मा, जितेन्द्र मिश्रा, राजीव शर्मा लखावती , रघुराज सिंह परिहार, विजय शर्मा, सौरभ पिपरा, निर्मल शर्मा, सौरभ, संतराम अहिरवार , पवन कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, नरेंद्र अहिरवार, बहादुर मुखिया , मुकेश सेरिया, उमेश अहिरवार, लखन पांचाल, मकुंदी पाल, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# फिर जीत का केंद्र बने जितेंद्र सिंह सेंगर पश्चिम बंगाल में दिखा महोबा का जलवा

- खड़गपुर में दिलीप घोष की ऐतिहासिक जीत एमएलसी विधायक जितेंद्र सिंह सेंगर का तीन महीने का प्रवास आया काम
- महोबा के लाल की कमल को वाजपेई ने चलाया सोशल मीडिया पर ट्रेंड किया एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर का नाम



**चरखारी महोबा संवाददाता राम लखन सोनी।** जीत के केंद्र बनने का गुण चरखारी महोबा भाजपा कार्यकर्ता एवं एमएलसी विधायक जितेंद्र सिंह सेंगर में सहज रूप से विद्यमान है पश्चिम बंगाल की खड़गपुर विधानसभा सीट पर दिलीप घोष की शानदार और ऐतिहासिक विजय ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब कोई नेता पार्टी और संगठन को सर्वोपरि रखते हुए नि स्वार्थ भाव से जुटता है तो सफलता स्वयं उसकी कदम चूमती है गौरतलब हो कि एमएलसी विधायक जितेंद्र सिंह सेंगर ने खड़गपुर में लगातार तीन माह तक प्रवास कर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठित किया और हर वार्ड और बूथ पर जनसंपर्क अभियान चलाया और महोबा का जलवा बुंदेलखंड से उठाकर बंगाल की धरती पर बिखेर दिया उनकी इस मेहनत उदारता और समाज सेवा की भावना का परिणाम है की दिलीप घोष को भारी मतों से विजय श्री मिली एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर हमेशा समाज सेवा को अपनी प्राथमिकता में रखते हैं खड़लपुर प्रवास के दौरान भी उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याए सुनी उनके बीच रहे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया उनकी इस पहुंच और सहजता का लाभ दिलीप घोष की जीत के रूप में मिला खगड़पुर मैं जीत का ऐलान होते ही पार्टी पदाधिकारी में और स्तानी नेताओं ने एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर के योगदान को सराहा सोशल मीडिया पर एमएलसी का नाम ट्रेड करता दिखा रहा है पश्चिम बंगाल के साथ ही समूचे महोबा में सोशल मीडिया साइटस पर बधाई देने वालों की तांता लगा रहा पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है आपने जो किया उसका अच्छा और शानदार प्रणाम आया हम सभी आप पर गर्व है इस जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि एमएलसी विधायक जितेंद्र सिंह सेंगर जैसा निडर समर्पित और पार्टी प्रथम नेता हो चुनावी समर में करिश्माई जीत दिलाते है।

# विद्युत आपूर्ति रोस्टर के अनुरूप नियमित सुनिश्चित कराई जाए: बेबी रानी मौर्य

- जनपद में अतिकुपोषित 5533 बच्चों केसापेक्ष 5231 बच्चों के सुधरीकरण पर किया संतोष व्यक्त
- जनपद में ग्राम पंचायत की भूमि पर मॉल बनाकर पंचायत की बढ़ाएगें आयः जिलाधिकारी




**झांसी जयूसं।** मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती बेबी रानी मौर्य की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति समीक्षा की आवश्यक बैठक सर्किट हाउस सभागार में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने जनपद में गर्मी को देखते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि विद्युत आपूर्ति रोस्टर के अनुरूप नियमित एवं निर्बाध रूप से सुनिश्चित कराई जाए, ताकि किसानों एवं आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि तथा जहां जरूरत हो, जर्जर तारों को बदलने की वहां तत्काल तार बदलने का कार्य किया जाए। जिलाधिकारी श्रीगौरांग राठी ने प्रभारी मंत्री को बताया कि शहर क्षेत्र में एक नया ट्रांसमिशन बन रहा है, लाइन डाली जा रही है। कार्य पूर्ण होते ही शहर से विद्युत की समस्या का निदान सुनिश्चित कर लिया जाएगा।

बैठक में आईसीडीएस पोषण अभियान की समीक्षा के दौरान मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने अति कुपोषित बच्चों की जानकारी ली और जनपद में सैम/ मैम में में चिन्हित 5533 बच्चों की सापेक्ष 5231 बच्चों के सुधरीकरण पर अच्छा कार्य होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने जनपद में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र की जानकारी ली, वर्ष 2023-24 में 45 के सापेक्ष 43 पूर्ण एवं 02 निर्माणाधीन एवं वर्ष 2024-25 में 18 के सापेक्ष 12 पूर्ण 06 निर्माणाधीन को पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने वर्किंग वोमेन हॉस्टल और बालिका छात्रावास के निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने राजकीय पॉलिटेक्निक झांसी में 415 प्रवेश हेतु स्वीकृत सीटों के सापेक्ष 376 पर संतोष व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द शत प्रतिशत प्रवेश कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आईटीआई में अच्छा कार्य होने पर संतोष व्यक्त किया।

बैठक का संचालन जिलाधिकारी गौरांग राठी ने किया। उन्होंने प्रत्येक विभाग की एक-एक परियोजना के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही ग्राम पंचायत की भूमि पर मॉल बनाकर ग्राम पंचायत की आय को बढ़ाए जाने का कार्य किया जाएगा। इसकी अतिरिक्त उन्होंने बताया कि प्रदेश में सबसे अधिक मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद में 13347 आवासों का निर्माण किया गया है।

समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार गौतम, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पटेल, विधायक मऊरानीपुर डॉ.रश्मि आर्या, विधायक गरौठा जवाहर लाल राजपूत, सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन, सभापति उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड राज्यमंत्री जमना प्रसाद कुशवाहा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, जॉइंट मजिस्ट्रेट आयुष सैनी, डीएफओ नीरज कुमार आर्य, सीएमओ डॉ. सुधाकर पांडेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वरुण कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे योगेन्द्र कुमार, आधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग दीपांकर चौधरी, डीएसटीओ डॉ.अर्चना सिंह, सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गणमान्य नागरिक इस स्व-गणना में अनिवार्य रुप से भागीदार बनें: प्रभारी मंत्री जी



**झांसी जयूसं।** मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ.प्र.शासन श्रीमती बेबीरानी मौर्य ने कहा कि आज को स्व-गणना का शुभारम्भ हो रहा है। मंत्री ने बताया कि दो चरणों में होने जा रही जनगणना 2027 के अन्तर्गत स्व-गणना का आज शुभारम्भ हुआ है। 21 मई 2026 तक जनपद के गणमान्य नागरिक पोर्टल पर ऑनलाइन जानकारी भर सकेंगे। जनगणना 2027 का कार्य डिजीटल माध्यम से कराया जा रहा है, जिसमें स्व-गणना भी एक विकल्प है। स्व-गणना प्रक्रिया में जानकारी भरने के पश्चात एस.ई.आई.डी. जनरेट होगी, जिसे 22 मई से 20 जून 2026 के दौरान जनगणना कार्य के लिए प्रगणक के घर जाने पर एसईआईडी को उनके साथ साझा किया जायेगा। प्रगणक की पुष्टि के उपरान्त ही मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण होगा। प्रगणक 22 मई से 20 जून 2026 तक की अवधि में प्रत्येक घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क निर्माण कार्यका नगर विधायक ने किया निरीक्षण



**झाँसी जयूसं।** नगर विधायक रवि शर्मा ने नगर आयुक्त आकांक्षा राणा, मुख्य अभियंता एवं नगर निगम के अन्य अधिकारियों के साथ महानगर के वार्ड नं. 31 स्थित आईटीआई क्षेत्र में रेलवे अंडर ब्रिज से हरिकिशन डिग्री कॉलेज होते हुए शिवपुरी हाईवे की ओर जाने वाले मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यह कार्य मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत कराया जा रहा है। इस अवसर पर नगर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि सीएम- जीआर आईडी योजना के तहत उक्त सड़क का चौड़ीकरण कर शहर की यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाने के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत सड़क पर भूमिगत यूटिलिटी डक्ट, आधुनिक फुटपाथ, हरित क्षेत्र (ग्रीन जोन), सौर ऊर्जा से संचालित स्ट्रीट लाइट तथा विद्युत लाइनों को अंडरग्राउंड डालकर साइड पटरी को आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क के नीचे यूटिलिटी डक्ट बनाए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में बिजली एवं पानी की पाइपलाइन डालने या मरम्मत के लिए सड़क को बार-बार खोदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय सभासद रितिका -गौरव तिवारी, प्रवीण लखेरा, अरविन्द झा, रजनीश देव शर्मा, चन्द्रप्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

### अधिक उपज के लिए ककोड़ा की खेती में रखें नर-मादा पौधों का सही अनुपातः डॉ. आशुतोष



**झांसी जयूसं।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष सिंह ने किसानों को ककोड़ा की व्यावसायिक खेती अपनानेकी सलाह देते हुए कहा कि यदि किसान नर एवं मादा पौधों का सही अनुपात बनाए रखें तो कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ककोड़ा की खेती विशेष रूप से गर्मी के मौसम में अधिक लाभकारी सिद्ध होती है तथा इसकी बुवाई जून माह के दूसरे सप्ताह से जुलाई के प्रथम सप्ताह तक उपयुक्त रहती है। वर्षा ऋतु में जुलाई के अंत तक भी इसकी बुवाई की जा सकती है। डॉ. सिंह के अनुसार ककोड़ा का प्रवर्धन बीज, तना एवं कंद तीनों विधियों से किया जाता है, लेकिन अधिक उत्पादन के लिए नर-मादा पौधों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। चूंकि ककोड़ा में नर एवं मादा पौधे अलग-अलग होते हैं तथा फल केवल मादा पौधों में लगते हैं, इसलिए खेत में अधिक मादा पौधे होने पर उपज में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

### चारा नीति 2024 के तहत हरे चारे की उपलब्धता को स्थानीय किसानों से अनुबन्ध के माध्यम से करेंनोडल अधिकारी

**झांसी जयूसं।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शासन द्वारा नामित मंडलीय नोडल अधिकारी डॉ.अनिल कुमार की अध्यक्षता मेंमण्डल स्तरीय गौवंश संरक्षण मूल्यांकन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में अपर निदेशक ग्रेड-2 झांसी मण्डल द्वारा मण्डल के तीनों जनपदों (झांसी, जालौन एवं ललितपुर) में गौवंश संरक्षण के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। बैठक में मंडलीय नोडल अधिकारी डॉ.अनिल कुमार ने भूसा संग्रहण अभियान की समीक्षा करते हुये निर्देश दिए कि आगामी समय में भूसा संग्रहण हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर शेषनाथ चौहान, उपनिदेशक पंचायत अजय आनंद सरोज, झांसी मण्डल के समस्त मनरेगा उपायुक्त, डी.पी.आर. ओ., खण्ड विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति की शिकायतों का प्राथमिकता से स्वत: संज्ञान लें विभागीय अधिकारी : सदर विधायक

- नगर वासियोंकी सुविधा अनुसार विद्युत उपकेन्द्रों पर अधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नम्बर अंकित करायें
- नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की गुणात्मक प्रगति के परीक्षण को ली गई अधिकारियों की बैठक



**झांसी जयूसं।** मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता एवंसदर विधायक रवि शर्माकी उपस्थिति में गर्मी के दृष्टिगत जनपद के नगरीय क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति पूर्ण किये जाने हेतु विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक मेंसदर विधायक रवि शर्मा ने नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु अपने सुझाव प्रदान करते हुये कहा कि विद्युत आपूर्ति की समस्याओं के पारदर्शी निराकरण हेतु प्रत्येक उपकेन्द्र पर सम्बन्धित अधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नम्बर अंकित करायें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को और अधिक सुगम बनाये जाने हेतु विद्युत लाइनों को पृथक कराएं। इसके साथ ही विधायक निधि के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष विद्युत आपूर्ति के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करायें। तेज आंधी के समय बाधित विद्युत आपूर्ति की समस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारी शिकायतों का प्राथमिकता से संज्ञान लें, इसके साथ ही मैनलाइन के आस-पास लगे पेड़ों का समय से अनुरक्षण पूर्ण करें, जिससे नगरवासियों को किसी प्रकार की समस्या न हों। क्षतिग्रस्त एवं मरममत योग्य विद्युत पोलों का अधिकारी स्वतः संज्ञान लेते हुये प्राथमिकता से इन पोलों को नये पोलों से परिवर्तित करें एवं मरम्मत योग्य विद्युत पोलों की मरम्मत करायें। विद्युत आपूर्ति की शिकायतों का भी अधिकारी प्राथमिकता से संज्ञान लेते हुये निस्तारण करायें। बैठक में मंडलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति की शिकायतों का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण पूर्ण करायें, साथ ही कृत कार्यवाही से जनप्रतिनिधियों को भी समय-समय पर अवगत करायें। बैठक में मुख्य अभियंता विद्युत के.पी. खान ने नगरीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति हेतु किये जा रहे कार्यो के गुणात्मक प्रगति की जानकारी प्रदान करते हुये कहा कि विभाग द्वारा 16 नग 33 केवी उपकेन्द्रों के जनपद झांसी के नगरीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्ण की जा रही है, जिसके लिए 360 एमवीए क्षमता वाले पावर ट्रांसफॉर्मर सहित जेल चैराहा उपकेन्द्र पर 01 नग अतिरिक्त 10 एमवीए ट्रांसफॉर्मर को 03 मई 2026 को ऊर्जीकृत किया गया है, इसके साथ ही 33 केवी उपकेन्द्र जेल चैराहा एवं मुन्नालाल पावर हाउस को द्वितीय 33 केवी सोर्स उपलब्ध कराये जाने हेतु 132 केवी हंसारी डबल सर्किट लाइन का निर्माण प्रगति पर है, जिसका कार्य मई माह के अन्त तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। उन्होंने बताया कि पूर्व में 132 केवी हंसारी से पोषित 33 केवी गल्ला मण्डी लाइन पर 33 केवी उपकेन्द्र बरुआसागर ग्रामीण उपकेन्द्र भी जुड़ा हुआ है, जिसे अलग करने के पश्चात गल्ला मण्डी की विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक वृद्धि हो सकेगी। इसी प्रकार नन्दनपुरा 33 केवी उपकेन्द्र के तहत नन्दनपुरा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के लिए 33 केवी उपकेन्द्र अठौंदना का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसे एक सप्ताह के भीतर ऊर्जीकृत किया जायेगा। 33 केवी उपकेन्द्र मेडीकल पर स्थापित क्षमता 30 एमवीए से 40 एमवीए किया जा रहा है, इस कार्य को मई माह के अन्त तक पूर्ण कर लिया जायेगा, जिसके पश्चात मेडीकल के आस-पास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की गुणात्मक क्षमता में वृद्धि हो सकेगी। मुख्य अभियंता ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में ओवरलोड की समस्या के निराकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30 नग ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि और 17 नग नये ट्रांसफॉर्मर स्थापित किये गये। इसी प्रकार वित्ततीय वर्ष 2025-26 में 29 नग ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि और 17 नग नये ट्रांसफॉर्मर स्थापित किये गये तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में 55 नग ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि और 131 नग नये ट्रांसफॉर्मर स्थापित किये जायेंगे। झांसी महानगर की विद्युत आपूर्ति वर्तमान में 02 नग पारेषण उपकेन्द्र (133 केवी हंसारी तथा 220 केवी दुनारा) से संचालित होती है, भविष्य की विद्युत आपूर्ति मांग को ध्यान में रखते हुये विभाग द्वारा महानगर में नव प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर में 132 केवी विद्युत पारेषण उपकेन्द्र के स्थापना की स्वीकृत शासन स्तर से प्राप्त हो चुकी है, जिससे सम्बन्धित अग्रिम कार्यवाही प्रगति पर है। 2026-27 में 33 केवी उपकेन्द्र नगरा में स्थापना क्षमता 20 एमवीए से 25 एमवीए किये जाने हेतु स्वीकृति शासन से प्राप्त हो चुकी है, जिस पर कार्य प्रगति पर है। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य अभियंता नगरीय विद्युत के.पी. खान, अधीक्षण अभियंता नगरीय विद्युत पुष्कर सिंह, अधिशाषी अभियंता -वाणिज्य रवीन्द्र कुमार, अधिशाषी अभियंता 11 केवी एलटी मनोज कुमार, अधिशाषी अभियंता -पारेषण अनमोल डोंगरे सहित शहरी उपखण्ड विद्युत के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीमती विद्यावती कॉलेज : बी.एस.सी. नर्सिंग, जी.एन.एम. व ए.एन.एम. अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न

- बी.एस.सी. नर्सिंग से मि. फेयरवेल आदित्य नारायण पांडे व मिस. फेयरवेल सोम्या पाठक व जी.एन.एम. से मि. फेयरवेल आलोक मिस. फेयरवेल सिफा चुनी गयी



**झाँसी जयूसं।** श्रीमती विद्यावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बी.एस.सी. नर्सिंग, जी.एन.एम. एवं ए.एन.एम. अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह को बहुत ही रंगारंग एवं हर्षोल्लास कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। संस्थान के चेयरमैन विद्यानिधि मिश्र ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि का स्वागत वैज अलंकरण कर एवं तिलक वंदन कर किया। प्राचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने संस्थान से जो संस्कार व शिक्षा प्राप्त की है वह आपके उज्जवल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सीनियर्स छात्र-छात्राओं ने संस्थान में बिताये हुए अपने यादगार पलों को जूनियर्स के साथ साझा किया। जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स की विदाई समारोह में विभिन्न ज्ञानवर्धक, बौद्धिक, स्वागत नृत्य, सोलो नृत्य, सोलो सांग, मनोरंजक खेल, कविता, रैंप वॉक एवं सांस्कृ तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कई राउंडो में हुयी रैंप वॉक एवं क्विज प्रतियोगिता में दिए गये अंको के आधार पर बी.एस.सी. नर्सिंग से मि.फेयरवेल आदित्य नारायण पांडे व मिस. फेयरवेल सोम्या पाठक एवं जी.एन.एम.से मि.फेयरवेल आलोक मिस.फेयरवेल सिफा चुनी गयी । कार्यक्रम मेंउप प्राचार्या डॉ.गीता चौधरी ने सैसे एवं उपहार भेंटकर विजेताओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव मानस मिश्र, कोषाध्यक्ष रवीन्द्र चतुर्वेदी, प्रशासनिक अधिकारी साहब सिंह दहिया, फार्मेसी विभाग के निर्देशक डॉ.वैभव श्रीवास्तव, एजूकेशन विभाग के प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार दुबे, डॉ.सुधा रिछारिया, दीपा मिश्रा, मनोज कुशवाह, रितिका जैनित सिंह, अभिषेक इफाईम, शालभी उपाध्याय, सुजाता पुनिया, राहुल कटारा, प्रिया सेन, निशिका गुप्ता, वर्षा यादव, आईवा, शैलेन्द्र नामदेव पूजा आर्यो एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी.एस.सी. नर्सिंग सेमेस्टर के सोमेश रिछारिया तथा मोनिका जोशिफ एवं आगन्तुक अतिथियों का आभार डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौधरी ने व्यक्त किया।

# अभाविप करेगी उग्र आंदोलन

**झांसी जयूसं।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा आयुर्वेदिक कॉलेज में चल रही अनियमिताओं केखिलाफ मोर्चा खोल विरोध प्रदर्शन किया गया और समस्याओं को अवगत कराते हुए आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन दिया। वक्ताओं ने कहा कि एक हफ्ते के अंदर समस्याओं पर अगर कदम नहीं उठाया गया तो विद्यार्थी परिषद झांसी महानगर के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य रहेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी आयुर्वेदिक कॉलेज प्रशासन की होगी और किसी की नहीं। इस अवसर पर महानगर मंत्री सुयश शुक्ला, संगठन मंत्री निर्भय प्रताप, जिला संगठन मंत्री आकाश सिंह, महानगर सह मंत्री कल्याण चौधरी, श्याम शर्मा, देव पांडे, अर्पित अग्रवाल, प्रिंस लखेरा, सूर्य प्रताप, सक्षम गुप्ता, अमरजीत, शोभित द्विवेदी, अंकुश पाल, आनंदपाल, आयुष श्रीवास, हर्ष साहू, हर्षवर्धन साहू, अभिराज सिरोनिया, प्रवीण यादव, लव कुश पटेल, अप्रिय यादव, समीर रिछारिया, सक्षम राजपूत सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 23 करोड़ के सौंदर्यीकरण में गुम हो गया नारायण बाग का अस्तित्व



**झांसी जयूसं।** ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहर स्थल नारायण बाग इन दिनों अपनेअस्तित्व और पर्यावरणीय संतुलन को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों का आरोप है कि लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों ने बाग की प्राकृतिक पहचान को गंभीर नुकसान पहुँचाया है।

झांसी के पर्यावरण कार्यकर्ता नरेन्द्र कुशवाहा ने झांसी के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा मीडिया से अपील की है कि वे स्वयं नारायण बाग पहुंचकर वहां की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण करें। उनका कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व तक यह स्थल हरियाली, प्राकृतिक सुगंध और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध था। यहां लगभग 200 वर्ष पुराना केवड़ा बाग मौजूद था, जिसकी खुशबू पूरे क्षेत्र को महका देती थी। स्थानीय लोगों के अनुसार नारायण बाग में मोर, खरगोश, अजगर सहित कई वन्य जीव दिखाई देते थे। यहां औषधीय पौधों की नर्सरी भी विकसित थी, जिसमें सर्पगंधा, मुलैठी और शंखपुष्पी जैसी प्रजातियां संरक्षित थीं। पुराने विशाल वृक्ष, फूल-फल प्रदर्शनी तथा मॉर्निंग वॉक, योग और व्यायाम के लिए आने वाले लोगों की चहल-पहल इस स्थल की विशेष पहचान मानी जाती थी। हालांकि अब स्थिति बदल चुकी है। आरोप है कि सौंदर्यीकरण कार्यों के दौरान हजारों पेड़ और ऐतिहासिक केबड़ा बाग नष्ट कर दिए गए तथा प्राकृतिक मिट्टी वाले क्षेत्र की जगह लगभग दो किलोमीटर लंबा पक्का पाथवे बना दिया गया। इसके अतिरिक्त शहर के गंदे नालों का पानी बाग क्षेत्र में छोड़े जाने से दलदल और दुर्गंध की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे बड़ी मात्रा में हरियाली प्रभावित हुई है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते संरक्षण के प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो झांसी अपनी एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर खो सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से नारायण बाग की पर्यावरणीय स्थिति की निष्पक्ष जांच, हरियाली पुर्नस्थापन और प्रदूषित जल निकासी रोकने की मांग की है।

स्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक नाथूराम कुशवाहा द्वारा जनता यूनियन प्रेस, शिव परिवार कालोनी, उन्नाव गेट बाहर झाँसी से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक - नाथूराम कुशवाहा*
फोन नं. 0510-2331158 आरएनआई नं. यूपीएचआईएन/2007/22191 समस्त विवादों का निपटारा झाँसी न्यायालय के अधीन होगा। *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए उत्तरदायी